दिन– रविवार दिनांक– 15 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री ने कहा– शहरी चुनौती कोष से उच्च गुणवत्ता वाले शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जायेगा।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महिला रोजगार योजना के तहत पच्चीस लाख महिलाओं के खाते में कल दो हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि ट्रान्सफर करेंगे।

03. पूरे प्रदेश में श्रद्धा और भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है महाशिवरात्रि का त्योहार। शिवालयों और मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता।

04. और, आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में भारत का पाकिस्तान से मुकाबला जारी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक लाख करोड़ रुपये के शहरी चुनौती कोष यूसीएफ को स्वीकृति दिए जाने के लिए केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह कोष उच्च गुणवत्ता वाली शहरी अवसंरचना प्रदान करने के लिए बाजार वित्त, निजी भागीदारी और नागरिक केंद्रित सुधारों का उपयोग करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहल शहरों को देश की आर्थिक वृद्धि का मुख्य प्रेरक बनाएगी। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

शहरी चुनौती कोष गृह और शहरी मामलों के मंत्रालय की एक केंद्र प्रायोजित संयुक्त योजना है। इसमें केंद्र की ओर से कुल एक लाख करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। इस कोष का उद्देश्य लचीले, उत्पादक, समावेशी और जलवायु के प्रति संवेदनशील शहरों का निर्माण करना है, ताकि उन्हें देश के आर्थिक विकास के अगले चरण के प्रमुख चालक के रूप में स्थापित किया जा सके। इससे परियोजनाओं को ऋण योग्य बनाकर ऋणदाताओं और निजी भागीदारों के लिए जोखिम को कम करके निजी पूंजी को आकर्षित करना है। यह कोष परियोजना लागत का 25 प्रतिशत तक का सहयोग देगा। बशर्ते की परियोजना लागत का न्यूनतम 50 प्रतिशत बाजार से जुटाया जाए, जिससे निजी भागीदारी के लिए एक स्पष्ट मार्ग प्रशस्त हो। यह कोष वित्त वर्ष 2025–26 से 2030–31 तक काम करेगा, जिसे वित्त वर्ष 2033–34 तक बढ़ाया जा सकता है। समाचार कक्ष से मैं मनोज।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल में भर्ती और उन्हें इलाज की गारंटी देने के लिए पीएम राहत स्कीम को मंजूरी दे दी है। इस स्कीम में सड़क पर किसी भी तरह की दुर्घटना की स्थिति में सात दिन तक के इलाज के लिए डेढ़ लाख रुपये तक के नकदी रहित इलाज का खर्च सरकार उठायेगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार इस स्कीम से यह सुनिश्चित होगा कि सड़क दुर्घटना के बाद तुरंत इलाज न मिलने के कारण किसी की जान न जाने पाए। मंत्रालय के अनुसार, सरकार अस्पतालों को मोटर वाहन दुर्घटना कोष से भुगतान करेगी। देश में प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं में काफी संख्या में लोगों की मौत तत्काल इलाज न मिल पाने के कारण हो जाती है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो दो हजार छब्बीस का उद्घाटन करेंगे। पाँच दिवसीय यह एक्सपो इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट दो हजार छब्बीस के साथ आयोजित किया जा रहा है। जिसके जरिए आटिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यवहारिक उपयोग का प्रदर्शन किया जाएगा। इस एक्सपो में ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स, स्विट्ज़रलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीका सहित तेरह देशों के पवेलियन लगाए जाएंगे, जो एआई क्षेत्र में वैश्विक सहयोग को प्रदर्शित करेंगे।

---

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के किसानों के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए आश्वस्त किया कि सभी अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों में किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों की रक्षा बरकरार रखी जाएगी। श्री शाह ने आज गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में देश की पहली केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली का शुभारंभ करने के बाद यह बात कही। उन्होंने विपक्ष के दावों का खंडन करते हुए कहा कि भारत–अमरीका व्यापार समझौते और भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते में किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों की रक्षा की गई है।

———बाइट———

यूरोपीय यूनियन के साथ हुए एफडीए और अमरीकी ट्रेड डील दोनों समझौते में किसानों को पूर्णतया नरेन्द्र मोदी जी ने सुरक्षित किया है। किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं मैं आज फिर से एक बार भारत के मछुआरों को भारत के पशुपालकों को और भारत के किसानों को अस्वस्थ करना चाहता हूं कि कभी भी आपके हितों के साथ समझौता भारतीय जनता पार्टी के नेता नरेन्द्र मोदी कर ही नहीं सकते।

---

रेलवे में अब सामान्य श्रेणी यानी जनरल कोच की सफाई भी फर्स्ट क्लास कोच की ही तरह की जाएगी। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया है कि इस पहल के तहत शुरूआत में, छह महीने के भीतर लम्बी दूरी की अस्सी रेलगाडियों की पहचान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन रेलगाड़ियों में एक से डेढ घंटे के अंतराल पर सफाई के लिए अलग से कर्मचारी रखे जायेंगे।

———बाइट———

जो ट्रेन्स हमारी चलती है लॉन्ग डिस्टेंस, स्पेशली उनका प्रॉपर एंड टू एंड क्लीनिंग हो सके। दूसरा, स्टेशन पे एक क्लिन ट्रेन स्टेशन का कॉन्सेप्ट बना है। कुछ लिमिटेड नंबर ऑफ स्टेशंस पे पूरी थोरो क्लीनिंग करने का अभी करंट सिस्टम है। इसके बजाए, ट्रेन के ओरिजिन से लेके ट्रेन के डेस्टिनेशन तक, कंटीन्यूअसली ट्रेन की क्लीनिंग हो।

---

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल पच्चीस लाख महिलाओं के खाते में दस–दस हजार रूपये की राशि अंतरित करेंगे। पटना में आयोजित समारोह में इस योजना के तहत महिला लाभुकों के खाते में दो हजार पांच सौ करोड़ रूपये डीबीटी के माध्यम से भेजे जायेंगे। इस दौरान जिला मुख्यालय के साथ ही पंचायत स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजधानी पटना के आशियाना–दीघा रोड स्थित राजीव नगर के पास निर्माणाधीन कुर्जी नाला और आनंदपुरी नाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नाले के ऊपर टू–लेन सड़क बनने से

लोगों को बेहतर और सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे शहर अधिक साफ–सुथरा और व्यवस्थित नजर आएगा। उल्लेखनीय है कि राजीव नगर नाला चार दशमलव दो छह किलोमीटर लंबा है, जो दीघा आशियाना रोड से शुरू होकर कुर्जी ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशन तक जाता है। वहीं, आनंदपुरी नाले की लंबाई लगभग चार किलोमीटर है, जो बाबा चौक से शुरू होकर अटल पथ और एएन कॉलेज होते हुए राजापुल ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशन तक जाता है।

---

महाशिवरात्रि का त्योहार आज पारम्परिक श्रद्धा और भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवालयों और मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि विभिन्न मंदिरों में भगवान शिव की पूजा–अर्चना के लिये श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ मंदिर, सोनपुर के हरिहरनाथ, सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, रोहतास के गुप्ताधाम और मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान मंदिर में इस अवसर पर विशेष पूजा–अर्चना और जलाभिषेक किया जा रहा है। कई स्थानों पर शिव–पार्वती विवाह समारोह का भी आयोजन हो रहा है। शिवरात्रि को लेकर बाजारों में भी चहल–पहल बढ़ गई है। शिव भक्तों ने गंगाजल, दूध, मधु, चंदन, फूलमाला, बेलपत्र और धतूरा आदि से शिवलिंग का अभिषेक किया। बाजार में सबसे अधिक मांग गेंदा के फूल की रही। इधर, राजधानी पटना में शिवरात्रि का मुख्य समारोह खाजपुरा शिव मंदिर में आयोजित किया जा रहा है। मंदिर से दोपहर बाद गाजे–बाजे और झांकियों के साथ तीस शोभा यात्राएं निकाली गई हैं। सभी शोभा यात्राएं तय मार्गों से होते हुए खाजपुरा शिव मंदिर पहुंचेंगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ केन्द्र और राज्य के कई मंत्रिगण भी समारोह में शामिल हो रहे है। समाचार कक्ष से मैं रजनीकांत चौधरी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाशिवरात्रि के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कामना की है कि भगवान शिव सभी देशवासियों और भारत के लिए प्रगति का मार्ग प्रशस्त करें। इधर, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने लोगों को महाशिवरात्रि की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह पावन पर्व शिव भक्तों के लिए असीम श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शिवपुराण में भी इस दिन शिवलिंग के अभिषेक का विशेष महत्त्व का उल्लेख किया गया है। वहीं, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुंगेर के तारापुर स्थित देवघरा शिव मंदिर में आयोजित मेला का शुभारंभ किया।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि रेलवे की ओर से यात्रियों को आधुनिक और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। श्री कुशवाहा ने सासाराम रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित पार्किंग का उद्‌घाटन करते हुए कहा कि इससे यात्रियों को सहूलियत होगी।

———बाइट———

---

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि बिहार बजट में किसानों, युवाओं और महिलाओं के साथ मध्यम वर्ग के लिए कई महत्त्वपूर्ण प्रावधान किये गए है। श्री यादव ने आज दानापुर में बजट पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि केन्द्रीय बजट से बिहार की विकास गति को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

———बाइट———

---

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का मुकाबला अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से हो रहा है। कोलंबो के. आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है। ताजा सामाचार मिलने तक भारत ने छह ओवर में एक विकेट के नुकसान पर बावन रन बना लिये है। भारत की ओर से ईशान किशन पच्चीस गेंदों में बियालीस रन और तिलक वर्मा सात गेंदों में दस रन बनाकर खेल रहे है। अभिषेक शर्मा बिना खाता खोले सलमान आगा की गेंद पर आउट हो गए।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीतेन्द्र नाथ सत्रह फरवरी को कांग्रेस में शामिल होंगे। आज शेखपुरा में प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्री नाथ ने इसकी जानकारी दी।

---

सुपौल के जिलाधिकारी सावन कुमार ने जिले के प्रतापगंज प्रखंड में मनरेगा योजना से जुड़े कार्यों में लापरवाही के आरोप में पंचायत रोजगार सेवक अमित विक्रम को सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

---

दरभंगा के नेहरा उप डाकघर से जुड़े रामनगर धुसी शाखा ने एक ही दिन में तीन हजार छह सौ छियासी बचत खाते खोलकर बिहार सर्किल में नया इतिहास रच दिया है।

---

पूर्वी चंपारण के पीपराकोठी स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में आयोजित बागवानी और पशु मेला में किसानों और मछुआरों को कृषि और मत्स्य उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय किसान राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर और पूर्व कृषिमंत्री राधामोहन सिंह भी उपस्थित थे।

---

01. प्रधानमंत्री ने कहा– शहरी चुनौती कोष से उच्च गुणवत्ता वाले शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जायेगा।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महिला रोजगार योजना के तहत पच्चीस लाख महिलाओं के खाते में कल दो हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि ट्रान्सफर करेंगे।

03. पूरे प्रदेश में श्रद्धा और भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है महाशिवरात्रि का त्योहार। शिवालयों और मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता।

04. और, आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में भारत का पाकिस्तान से मुकाबला जारी।

---

समाप्त